Email : ideacitinews@gmail.com

एक नये कल के लिए एक नई आवाज

www.ideacitinews.com



आइडियासिटी

वर्ष : 5, अंक : 305

मंगलवार, 10 नवंबर, 2026



चार अग्निकांड में 85 लाख स्वाहा, किसी का गोदाम तो किसी की पूरी दुकान राख







दीपावली पर कहीं दीपों की रोशनी थी तो कहीं आग की भयावह लपटें। जिस त्योहार में लोग अपने घरों और कारोबार को सजाकर खुशियां मना रहे थे, उसी दौरान आग ने कई परिवारों के सपनों को राख कर दिया। बिहारशरीफ से लेकर हरनौत के तेलमर बाजार तक चार अलग-अलग अग्निकांडों में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। शुरुआती आकलन के मुताबिक नुकसान 85 लाख रुपये से अधिक है। सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि छठ महापर्व से ठीक पहले कई छोटे कारोबारियों का पूरा कारोबार तबाह हो गया।

कहीं पटाखे की चिंगारी तो कहीं शॉर्ट सर्किट की आशंका

08 नवंबर : अगरबत्ती से दुकान में आग की आशंका

लहेरी थाना क्षेत्र के मघड़ा मार्केट में श्री लक्ष्मी सिलाई मशीन दुकान में आग लगी। दुकानदार बच्चू सिंह की सभी सिलाई मशीनें और सामान जल गए। पूजा के बाद जलाई गई अगरबत्ती से आग लगने की आशंका जताई गई। दमकल की तीन गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया।



तेलमर बाजार : 25 लाख के कपड़े स्वाहा

हरनौत के तेलमर बाजार में मां काली मंदिर के पास विजय सिंह की वर्षों पुरानी कपड़ा दुकान रात करीब एक बजे आग की चपेट में आ गई। साड़ी, लहंगा, सलवार-सूट, जींस, बच्चों के कपड़े, स्कूल ड्रेस, कंबल और घरेलू कपड़ों सहित भवन का ढांचा भी जल गया। करीब 25 लाख के नुकसान का अनुमान है। शॉर्ट सर्किट की आशंका है। चंडी और नूरसराय समेत कई जगहों से दमकल की टीमें पहुंचीं। चार अग्निकांडों ने सिर्फ दुकानें नहीं जलाईं, बल्कि कई परिवारों की वर्षों की मेहनत और कमाई छीन ली। अब इन कारोबारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती फिर से अपना कारोबार खड़ा करने और छठ से पहले रोजी-रोटी बचाने की है। सवाल यह भी है कि त्योहारों के दौरान बाजारों और रिहायशी इलाकों में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम कितने पुख्ता हैं?

07 नवंबर : पटाखे की चिंगारी ने जलाया टेंट हाउस का गोदाम


पहली घटना सोहसराय थाना क्षेत्र के मोगलकुआं में मिश्रा टेंट हाउस के गोदाम में हुई। पटाखे की चिंगारी गिरने से आग लगने की आशंका है। कूलर, टेबल, कुर्सियां और टेंट के कपड़े जल गए। आसपास के कई घर भी चपेट में आए। करीब 10 लाख का नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों ने दमकल के 45 मिनट बाद पहुंचने का आरोप लगाया।

कटरा पर : छह दुकानें राख, 50 लाख से अधिक की तबाही

08 नवंबर की देर रात 1:30 से 2 बजे के बीच छठ सामग्री बनाने वाली छह दुकानें जल गईं। 150 से अधिक चीनी की बोरियां, हजारों सांचे, बताशे और अन्य सामान राख हो गए। विजय साव का दोमंजिला मकान भी आंशिक रूप से जला। चार दमकल गाड़ियों ने दो से ढाई घंटे में आग बुझाई। नुकसान 50 लाख रुपये से अधिक बताया गया। आग की वजह पर पटाखे, कूड़े की चिंगारी और जानबूझकर आग लगाने जैसी अलग-अलग आशंकाएं हैं।

जब शहर आग में घिरा था, तब खाकी बनी ढाल!

दीपावली की रात जब पूरा शहर दीयों और आतिशबाजी में डूबा था, तब खाकी वर्दी वाले सड़कों पर हमारी सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे थे। भरावपर की सिलाई दुकान में आग लगी तो पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने मोर्चा संभाला। दमकल की टीम ने आग बुझाकर आसपास की दुकानों और घरों को बड़ी तबाही से बचाया। सोचिए, अगर कुछ देर और हो जाती तो नुकसान कितना बड़ा होता! बाकी दिनों में पुलिस से सवाल जरूर पूछिए, शिकायत भी कीजिए, लेकिन त्योहार की रात परिवार से दूर रहकर हमारी खुशियों की हिफाजत करने वाले इन जवानों के जज्बे को सलाम करना भी जरूरी है। इनके लिए पूरा शहर ही परिवार है। दिवाली हमारी रोशन रहे, इसलिए इनकी रात ड्यूटी में गुजरती है। सलाम नालंदा पुलिस, सलाम अग्निशमन के जवान!



मौची चौक में बड़ी वारदात की फिराक में थे दो अपराधी, पुलिस ने पिस्टल और कारतूस के साथ दबोचा

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। राजधानी पटना में अपराध की बड़ी साजिश पर पुलिस ने समय रहते पानी फेर दिया। खगौल थाना क्षेत्र में हथियार के दम पर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे दो संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल समेत कई सामान बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, 8 नवंबर 2026 की रात गुप्त सूचना मिली थी कि मौची चौक स्थित एसबीआई एटीएम के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही दानापुर-1 के अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में खगौल थानाध्यक्ष के निर्देशन पर छापेमारी दल गठित किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार, निवासी आनंदपुरी और अंशु कुमार, निवासी छोटी बदलपुरा, खगौल के रूप में हुई है। तलाशी में एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और बीआर1डीडब्ल्यू 2922 नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई। इस मामले में खगौल थाना कांड संख्या 571/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है।


25 मिनट में पटना से वैशाली : 21 नवंबर को पीएम मोदी करेंगे 6 लेन गंगा महासेतु का उद्घाटन

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। गंगा पर सफर की तस्वीर बदलने वाली है। पटना से वैशाली पहुंचने में अब घंटों नहीं, महज 20 से 25 मिनट लगेंगे। कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा महासेतु बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को वैशाली के राजापाकर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इसका उद्घाटन करेंगे। करीब 9.76 किलोमीटर लंबा यह महासेतु पटना के कच्ची दरगाह को वैशाली के बिदुपुर से जोड़ेगा। एप्रोच रोड समेत पूरी परियोजना की लंबाई लगभग 19.76 किलोमीटर है। इसके निर्माण पर पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। पुल पर वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से चल सकेंगे। महासेतु शुरू होने से महात्मा गांधी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है। पटना और वैशाली के अलावा मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और दरभंगा के यात्रियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। खासकर राघोपुर दियारा के लोगों को सालभर सड़क मार्ग से पटना और हाजीपुर पहुंचने का बेहतर विकल्प मिलेगा।
इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कारोबार को भी नई गति मिलने की संभावना है। किसानों के उत्पाद कम समय में बड़े बाजारों तक पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा, हेलीपैड और यातायात प्रबंधन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

पटाखों ने बिगाड़ी बिहार की हवा : 17 शहरों का AQI 300 पार, बेगूसराय 548 के साथ सबसे प्रदूषित



आइडियासिटी संवाददाता

पटना। दीपावली की रात आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी तो खूब हुई, लेकिन इसका असर अब लोगों की सांसों पर दिखने लगा है। पटाखों से निकले धुएं ने बिहार के कई शहरों की हवा को जहरीला बना दिया है। सोमवार सुबह तक राज्य के 17 शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 300 के पार दर्ज किया गया, जो बेहद खराब स्थिति का संकेत है। AQI.in के सोमवार सुबह के आंकड़ों के अनुसार, बेगूसराय 548 AQI के साथ सबसे प्रदूषित शहर रहा। मुजफ्फरपुर 450 के साथ दूसरे और बक्सर 436 के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मुंगेर में 400, समस्तीपुर में 371 और दरभंगा में 351 AQI दर्ज किया गया। राजधानी पटना का सूचकांक 308 और आरा का 309 रहा। दीपावली की देर रात पटना का AQI 998 के पार पहुंच गया था। धुएं और प्रदूषण से दृश्यता भी प्रभावित हुई है। विशेषज्ञों ने सांस के मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सुबह-शाम अनावश्यक बाहर निकलने, खुले में व्यायाम करने से बचने और जरूरत पड़ने पर अच्छी गुणवत्ता वाला मास्क लगाने की सलाह दी गई है।

पटना के ग्रेविटी मॉल के पास भीषण आग, 40 लोगों की जान बचाकर निकाले गए : दुकानों का सामान राख


आइडियासिटी संवाददाता



पटना। दीपावली की शाम पटना के कंकड़बाग इलाके में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब ग्रेविटी मॉल के पास स्थित विजय अपार्टमेंट में आग लग गई। अपार्टमेंट के ग्राउंड और मेजेनाइन फ्लोर पर व्यावसायिक दुकानें हैं, जबकि ऊपर रिहायशी फ्लैट बने हुए हैं। आग की लपटों के बीच कई लोगों की जान खतरे में पड़ गई। जिला अग्निशमन पदाधिकारी अभिषेक कुमार के अनुसार, 8 नवंबर की शाम 6:55 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद कंकड़बाग और लोदीपुर से दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। अपार्टमेंट में दुकानें और आवासीय परिसर एक साथ होने के कारण अग्निशमन कर्मियों की पहली प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना था। विशेष रेस्क्यू टेंडर और हाइड्रोलिक सीढ़ी की मदद से करीब 30 से 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुछ लोग कमरों में ही रुके हुए थे, जिन्हें दमकलकर्मियों ने हर फ्लोर और फ्लैट की जांच कर नीचे उतारा। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी की मौत नहीं हुई और न ही कोई घायल हुआ। हालांकि, दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया।

मसौढ़ी में दिवाली की रात दो जगह लगी आग

इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान की छत जली : बाइक रिपेयरिंग शॉप भी चपेट में



आइडियासिटी संवाददाता

पटना। दीपावली की खुशियों के बीच पटाखों की चिंगारी और जलते दीपक से मसौढ़ी में आग लगने की दो घटनाएं सामने आईं। कर्पूरी चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान की तीसरी मंजिल पर आग लग गई, जबकि रेलवे गुमटी के पास बाइक रिपेयरिंग दुकान भी आग की चपेट में आ गई। हालांकि, स्थानीय लोगों की तत्परता और अग्निशमन विभाग की मदद से बड़ा हादसा टल गया। पहली घटना कर्पूरी चौक की है। बताया जाता है कि पटाखे से निकली चिंगारी इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान की तीसरी मंजिल पर रखे कार्टून और थर्मोकोल पर गिर गई, जिससे आग भड़क उठी। लपटें तेजी से फैलने लगीं। बगल के मकान की छत पर मौजूद युवकों ने मोटर चलाकर पानी डालना शुरू किया और आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। सूचना पर मसौढ़ी पुलिस और अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत रही कि आग दूसरी मंजिल और नीचे की दुकान तक नहीं पहुंची। लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और एसी सुरक्षित बच गए।
दूसरी घटना रेलवे गुमटी के पूरब बाइक रिपेयरिंग दुकान में हुई, जहां जलते दीपक से आग लगने की बात सामने आई। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझा दी। दोनों घटनाओं में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।



अब किसानों के घर तक पहुंचेगा बीज-खाद, डाक विभाग बनेगा मददगार

कृषि और डाक विभाग के बीच हुआ ऐतिहासिक समझौता : 9,673 डाकघरों के नेटवर्क से उर्वरक



आइडियासिटी संवाददाता

पटना। अब किसानों को सिर्फ खेतों में मेहनत करने तक सीमित रखने की नहीं, बल्कि उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने और खेती से आमदनी बढ़ाने की भी तैयारी है। बिहार में कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने डाक विभाग के विशाल नेटवर्क को किसानों से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत अब खाद, बीज और कीटनाशकों के नमूनों को जांच प्रयोगशालाओं तक पहुंचाना आसान होगा। साथ ही भविष्य में किसानों को कृषि उत्पादों की होम डिलीवरी और उनके जैविक उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने की सुविधा भी मिल सकती है। दरअसल, सोमवार को पटना में बिहार सरकार के कृषि विभाग और भारत सरकार के डाक विभाग के बिहार परिमंडल के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति में निदेशक डाक सेवाएं प्रियंका जैन और कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत उर्वरक, बीज और कीटनाशकों के नमूने डाक विभाग के माध्यम से सुरक्षित और गोपनीय तरीके से जांच प्रयोगशालाओं तक भेजे जाएंगे। इससे निजी कूरियर पर निर्भरता घटेगी और नमूनों की जांच में होने वाली देरी कम होगी। बिहार के 9,673 डाकघरों का नेटवर्क इस व्यवस्था को मजबूती देगा।

किसानों के उत्पादों की होगी होम डिलीवरी, बाजार तक पहुंचेगा माल

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि डाक विभाग की भूमिका केवल नमूनों के परिवहन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। किसानों को बीज, कीटनाशक और जैविक खाद जैसे जरूरी कृषि उत्पादों की होम डिलीवरी की व्यवस्था विकसित करने की दिशा में भी काम होना चाहिए। इसके साथ ही जैविक और प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों को बाजार, विपणन और निर्यात से जोड़ने में डाक विभाग सहयोग करे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें बाजार से जोड़कर उनकी आय और आर्थिक समृद्धि के नए अवसर उपलब्ध कराना है। वहीं निदेशक डाक सेवाएं प्रियंका जैन ने किसानों के हित में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मंत्री ने कहा कि यह समझौता नकली और घटिया कृषि उत्पादों पर अंकुश लगाने तथा गुणवत्ता जांच व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

नशे के बड़े कारोबार का भंडाफोड़, 220 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, 40 लाख तक आंकी गई कीमत



आइडियासिटी संवाददाता

बेगूसराय : तेघड़ा में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 220 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो स्मार्टफोन, एक छोटा मोबाइल, इलेक्ट्रिक तराजू, रैपर और 10,750 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। जब्त स्मैक की अनुमानित बाजार कीमत 30 से 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में नशे के कारोबार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। गिरफ्तार युवक की पहचान तेघड़ा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-5 निवासी स्वर्गीय मोहम्मद हैदर के पुत्र फैज आलम के रूप में हुई है।

तेघड़ा थानाध्यक्ष क्रांति रमन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में बिक्री के उद्देश्य से भारी मात्रा में स्मैक लाया गया है। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, नीरज ठाकुर व रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमें गठित की गईं। इसके बाद पुलिस टीम ने चिह्नित स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद पूछताछ और उसके घर की तलाशी के दौरान 220 ग्राम स्मैक, तीन मोबाइल, इलेक्ट्रिक तराजू, रैपर और 10,750 रुपये नकद बरामद किए गए। थानाध्यक्ष के अनुसार, गिरफ्तार फैज आलम के विरुद्ध पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं और वह काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी तलाश कई महीनों से थी। इतनी बड़ी मात्रा में स्मैक की बरामदगी के बाद पुलिस के सामने कई अहम सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी।इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं, स्मैक की आपूर्ति किन इलाकों में की जानी थी और इस अवैध कारोबार का नेटवर्क कितना बड़ा है स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर नशे के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने की मांग की है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है। इस कार्रवाई को तेघड़ा में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

मधुरापुर बोल्डर घाट पर गूंज रही रामायण की चौपाइयां, गंगा आरती से भक्तिमय हुआ तेघड़ा



आइडियासिटी संवाददाता

बेगूसराय : कार्तिक मास के पावन अवसर पर तेघड़ा के सुप्रसिद्ध मधुरापुर बोल्डर घाट पर इन दिनों भक्ति और आध्यात्मिकता की अनूठी छटा बिखर रही है। मां गंगा के पवित्र तट पर रामायण की चौपाइयों की गूंज और संध्या बेला में होने वाली भव्य गंगा महाआरती से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु गंगा स्नान के साथ रामायण पाठ का श्रवण और पूजा-अर्चना कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं। 26 अक्टूबर से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत घाट पर लगातार 24 घंटे अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिदिन संध्या समय मां गंगा की भव्य महाआरती की जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर पहुंचकर आरती में शामिल होते हैं और मां गंगा से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हैं। रामायण पाठ के लिए गंगा घाट पर आकर्षक अस्थायी पंडाल बनाया गया है। यहां बिजली और रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई है। पंडाल में स्थापित अस्थायी मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं। रामायण पाठ में भाग लेने के लिए स्थानीय विद्वानों और रामायण प्रेमियों का लगातार पहुंचना जारी है। दिन से लेकर देर रात तक श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक रामकथा का श्रवण कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार सिंह ने बताया कि कार्तिक मास में लगातार तीसरे वर्ष एक महीने तक 24 घंटे रामायण पाठ और प्रतिदिन संध्या में गंगा महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के दौरान वे पूरे एक महीने फलाहार पर रहकर पूजा-पाठ और मां गंगा की आराधना करते हैं। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है।उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर 2026 से शुरू हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 26 नवंबर तक चलेगा। कार्तिक मास में गंगा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मधुरापुर बोल्डर घाट पहुंच रहे हैं। घाट की बढ़ती लोकप्रियता के साथ यहां श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। गंगा घाट तक पहुंचने के लिए पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। रास्ते में रोशनी की व्यवस्था होने से श्रद्धालुओं को आने-जाने में सहूलियत मिल रही है। सुरक्षित स्नान की सुविधा के कारण भी यह घाट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गंगा की अविरल धारा, रामायण की मधुर चौपाइयां और आरती के दिव्य प्रकाश के बीच मधुरापुर बोल्डर घाट इन दिनों आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

एटीएम का बोर्ड देखकर पहुंचेंगे पैसे निकालने, अंदर मिलेगा सड़ा आलू और कूड़े का अंबार

आइडियासिटी संवाददाता



बेगूसराय। एटीएम का बोर्ड लगा हो तो आमतौर पर लोगों को नकदी निकासी की सुविधा मिलने की उम्मीद होती है, लेकिन बेगूसराय के परिहारा चौक पर तस्वीर कुछ अलग ही है। शहीद दिगंबर सिंह चौक के सामने लगे ढ्ढढ्मश्रद्धड्ड 1ॅअरू के बोर्ड के पीछे बैंकिंग सुविधा नहीं, बल्कि सड़े आलू, झाड़ू और कूड़े-कचरे का अंबार दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह एटीएम करीब छह महीने से बंद पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि सेवा बंद होने के बावजूद इसका बोर्ड अब तक नहीं हटाया गया है। स्थानीय दुकानदार प्रदीप कुमार ने भी बताया कि एटीएम लंबे समय से बंद है और अंदर गंदे एवं अनुपयोगी सामान रखे हैं। ऐसे में सवाल है कि बंद एटीएम का बोर्ड अब तक क्यों लगा है? कहीं कोई ग्राहक पैसे निकालने की उम्मीद में पहुंचा तो उसे निराशा ही हाथ लगेगी। स्थानीय लोगों ने संबंधित एजेंसी से बोर्ड हटाने अथवा एटीएम सेवा दोबारा शुरू करने और परिसर की सफाई कराने की मांग की है। आखिर एटीएम सुविधा का केंद्र है, कूड़ाघर नहीं!

अब गांव-कस्बों से निकलेंगे बिहार के खेल सितारे

सम्राट सरकार ने खेल संघों को दी बड़ी जिम्मेदारी, जिलों के खेल भवनों में तराशे जाएंगे खिलाड़ी

आइडियासिटी कुंदन श्रीवास्तव

पटना। बिहार में अब खेल का सितारा बनने के लिए बड़े शहरों या महंगे स्टेडियमों का चक्कर लगाने की मजबूरी कम हो सकती है। गांव-कस्बों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उनके अपने जिले में ही प्रशिक्षण और अभ्यास का बेहतर मौका देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर अब जिलों के खेल भवनों का इस्तेमाल संबंधित खेल संघ खिलाड़ियों को तराशने और खेल गतिविधियां संचालित करने के लिए कर सकेंगे। यानी अब प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें निखारने की जिम्मेदारी जिला स्तर पर भी मजबूत होगी। दरअसल, एक नवंबर को पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने खेल संघों को जिला खेल भवन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री ने इसे मंजूरी देते हुए घोषणा की थी। अब बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग, फेंसिंग, योग और वुशु संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। प्राधिकरण के महानिदेशक सह सीईओ रवीन्द्रण शंकरण ने संघों से अपनी जरूरत के अनुसार एक या अधिक जिलों के खेल भवन चुनने को कहा। खिलाड़ियों के चयन और प्रशिक्षकों की व्यवस्था संघों को करनी होगी। इस बैठक में भारोत्तोलन संघ के प्रतिनिधि की भी भागीदारी रही।



एक जिले में खुलेंगे कई खेलो इंडिया सेंटर

नई व्यवस्था में जरूरत के मुताबिक एक जिले में एक से अधिक खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर भी खोले जा सकेंगे। प्रशिक्षकों का वेतन सरकार देगी, जबकि खेल संसाधन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण उपलब्ध कराएगा। अब असली परीक्षा खेल संघों की होगी। यदि नियमित प्रशिक्षण, बेहतर कोचिंग और प्रतिभाओं की सही पहचान सुनिश्चित हुई तो बिहार के छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकते

पट खुलते ही मां बम काली के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, 150 साल पुरानी परंपरा आज भी कायम

आइडियासिटी संवाददाता



खगड़िया। मानसी में मां बम काली के पट खुलते ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर में महिला, पुरुष और बच्चों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मन्नत पूरी होने पर भक्त सोने-चांदी के आभूषण सहित कीमती वस्तुएं भी अर्पित कर रहे हैं। इससे पहले रविवार रात करीब 10 बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालु मटिहानी स्थित गंडक घाट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा कर पवित्र जल भरा गया। नगर भ्रमण के बाद मंदिर में कलश स्थापित किया गया। खास बात यह है कि मानसी में मां बम काली की पूजा की परंपरा करीब 150 साल पुरानी है। इसकी शुरुआत काली चरण बरई ने की थी। मान्यता है कि मां ने स्वप्न में दर्शन देकर उन्हें कोलकाता से मानसी लाने का आदेश दिया था। आज यह पारिवारिक पूजा भव्य सार्वजनिक आयोजन और मेले का रूप ले चुकी है। पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार विद्यार्थी सहित सदस्य व्यवस्था संभाल रहे हैं।







दीपों से दुल्हन की तरह सजा नालंदा

मां लक्ष्मी की आराधना से गूंजा घर-आंगन : आतिशबाजी और खुशियों में डूबा पूरा जिला







आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। कहीं दीपों की कतार, कहीं रंग-बिरंगी रोशनी की चमक तो कहीं आतिशबाजी की गूंज... दीपावली पर पूरा नालंदा खुशियों के उजाले में नहाता नजर आया। बिहारशरीफ मुख्यालय से लेकर जिले के तमाम प्रखंडों और गांवों तक रविवार, 08 नवंबर को दीपावली का त्योहार पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। त्योहार की तैयारी कई दिन पहले से ही शुरू हो गई थी। घरों की साफ-सफाई और सजावट के साथ बाजारों में भी खूब रौनक रही। मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमाओं, फूल-माला, मिठाइयों, मिट्टी के दीयों, मोमबत्तियों, कैंडल और रंग-बिरंगी लाइटों की जमकर खरीदारी हुई। दीपावली की शाम होते ही घर-आंगन दीपों और झालरों से जगमगा उठे। लोगों ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। घरों की बेटियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार घरौंदा सजाया और मिठाइयां व पकवान रखकर पूजा की। बच्चों और महिलाओं में इसे लेकर खास उत्साह दिखा। पूजा के बाद परिवार के सदस्यों ने साथ बैठकर मिठाइयों और पकवानों का आनंद लिया। इसके बाद आतिशबाजी और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। दीपावली ने एक बार फिर संदेश दिया कि असली रोशनी सिर्फ घरों में नहीं, बल्कि रिश्तों में भी होनी चाहिए। नालंदा में दीपों के इस पर्व ने आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की मिठास घोल दी।

किराए के कमरे में मिला 12वीं के छात्र का शव, मोबाइल से सभी व्हाट्सएप चैट डिलीट मिलने से उठे सवाल

शनिवार रात परिजनों से हुई थी आखिरी बार बात, रविवार सुबह पंखे से लटका मिला शव



आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले के वार्ड संख्या 22 में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहे 17 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार की सुबह उसका शव कमरे में मिला। छात्र 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से छात्र का मोबाइल फोन भी जब्त किया है। शुरुआती जांच में मोबाइल से सभी व्हाट्सएप संदेश और बातचीत डिलीट मिली हैं। इससे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, फिलहाल छात्र की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक की पहचान पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र के पीर बढ़ौना गांव निवासी संजीवन चौधरी के 17 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई साहिल कुमार ने बताया कि अंकित 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा था। शनिवार की रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच परिजनों से उसकी आखिरी बार बात हुई थी। बातचीत के दौरान उसने मोबाइल की बैटरी कम होने की बात कही थी। इसके बाद परिजनों ने कई बार फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। व्हाट्सएप पर संदेश भेजने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया। रविवार की सुबह भी मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने मकान मालिक से संपर्क कर कमरे पर जाकर देखने का आग्रह किया। सुबह करीब 10 बजे कमरे पर पहुंचे लोगों ने अंदर झांककर देखा तो अंकित का शव पंखे से लटका हुआ मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी गई। अंकित की मौत से परिवार के लोग सदमे में हैं। बड़े भाई साहिल ने बताया कि घर में किसी तरह का पारिवारिक विवाद नहीं था। न ही अंकित पर पढ़ाई को लेकर कोई अनुचित दबाव था। वह सामान्य रूप से अपनी पढ़ाई कर रहा था। अचानक हुई इस घटना से परिजन कुछ समझ नहीं पा रहे हैं। लहेरी थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि स्थानीय वार्ड पार्षद के माध्यम से छात्र की मौत की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से छात्र का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष के अनुसार, शुरुआती जांच में मोबाइल से सभी व्हाट्सएप संदेश और बातचीत डिलीट मिली हैं। पुलिस मोबाइल की तकनीकी जांच और कॉल विवरण के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल छात्र की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पावापुरी महोत्सव में मदर टेरेसा स्कूल के बच्चों का जलवा

रंगोली से मेहंदी और भाषण तक, प्रतिभा के दम पर जीते कई पुरस्कार

आइडियासिटी संवाददाता

पावापुरी (नालंदा)। मंच बड़ा हो और हुनर सच्चा, तो पहचान बनाने के लिए उम्र मायने नहीं रखती। पावापुरी महोत्सव में मदर टेरेसा हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया। अपनी रचनात्मकता, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। महोत्सव में आयोजित रंगोली, मेहंदी और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता के जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में विद्यालय की टीमों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर टीम में किरण, अनुप्रिया, सुहानी, मन्नत, सुधांशु, सुशांत, तेजस्वी और भोला शामिल थे। वहीं सीनियर टीम में कोमल, श्रीयांसी, सलोनी, अभिषेक, आयुसी, प्रतिज्ञा और शुभम ने अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाई। मेहंदी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग की कृति कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि



सीनियर वर्ग में सृष्टि कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में शाकम्भरी ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। प्रबंधन ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं।



54 साल का हुआ नालंदा...स्थापना दिवस पर डीएम उदिता सिंह ने खोला विकास का पिटारा

मंत्री श्रवण कुमार ने गिनाई बदलते बिहार की तस्वीर

कभी दुनिया को ज्ञान की रोशनी देने वाली नालंदा की धरती आज पर्यटन, खेल और उद्योगों के नए हब के रूप में बना रही पहचान

जू सफारी, ग्लास ब्रिज से लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज और नए औद्योगिक क्षेत्रों तक, स्थापना दिवस समारोह में दिखा जिले के विकास का खाका।



आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। जिस धरती की पहचान कभी दुनिया के सबसे बड़े ज्ञान केंद्र से होती थी, जहां देश-विदेश से विद्यार्थी शिक्षा हासिल करने आते थे, उसी नालंदा की पहचान आज एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। इतिहास की गौरवशाली विरासत को संजोए यह जिला अब पर्यटन, खेल, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में अपनी नई इबारत लिखने की तैयारी में है। 9 नवंबर 1972 को पटना से अलग होकर अस्तित्व में आए नालंदा जिले ने सोमवार को अपने 54 साल पूरे कर लिए और 55वें वर्ष में कदम रख दिया। इस खास मौके पर बिहारशरीफ के टाउन हॉल (कर्पूरी भवन) में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अतीत की उपलब्धियों के साथ भविष्य के विकास का रोडमैप भी सामने आया। कला एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह का उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, एमएलसी रीना यादव, राजगीर विधायक कौशल किशोर, जिलाधिकारी उदिता सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्', राष्ट्रगान और आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र की बालिकाओं के स्वागत गान से हुई। इसके बाद जिले के बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह में चार चांद लगा दिए।

डीएम का विजन- पर्यटन की चमक से स्थानीय युवाओं की जिंदगी में भी आए खुशहाली

जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि नालंदा केवल बिहार का एक जिला नहीं, बल्कि भारत की ज्ञान परंपरा और वैश्विक पहचान का प्रतीक है। प्राचीन काल से इस धरती ने पूरी दुनिया को शिक्षा और दर्शन की रोशनी दी है। आज राजगीर की जू सफारी, नेचर सफारी और ग्लास ब्रिज जैसे आकर्षणों ने नालंदा को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। अब यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि पर्यटन से होने वाला आर्थिक लाभ स्थानीय युवाओं, छोटे कारोबारियों और आम लोगों तक पहुंचे। उन्होंने सिलाव के खाजा, बावन बूटी कला, ब्रह्मकुंड, बड़ी दरगाह, पावापुरी जल मंदिर और मणिकरण-शीतलकुंड गुरुद्वारा का जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी स्थल नालंदा की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता की पहचान हैं। डीएम ने संकल्प दिलाया कि जिले की ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखते हुए समावेशी विकास की रफ्तार तेज की जाएगी। उन्होंने बताया कि नालंदा खेलों के नए हब के रूप में उभर रहा है। वहीं फूड प्रोसेसिंग, कृषि आधारित उद्योगों और लघु उद्यमों के लिए नए औद्योगिक क्षेत्रों की मंजूरी से स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे।



मंत्री श्रवण कुमार ने खोली विकास की तस्वीर, बोले- 2005 से पहले और बाद का बिहार अलग है

मुख्य अतिथि मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नालंदा के 54 वर्ष पूरे होना गौरव और उल्लास का अवसर है। वर्ष 2005 से पहले और उसके बाद के बिहार तथा नालंदा की तुलना करें तो विकास के क्षेत्र में आए बदलाव स्पष्ट दिखाई देते हैं। पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के नेतृत्व और वर्तमान सरकार के साझा प्रयासों से समाज के हर वर्ग, परिवार और घर तक विकास की किरण पहुंची है। शिक्षा व्यवस्था की पुरानी स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 से पहले कहीं शिक्षक थे तो स्कूल भवन नहीं थे और जहां भवन थे, वहां शिक्षक नहीं थे। गांवों के करीब 35 लाख वंचित बच्चे स्कूलों से दूर थे। सरकार ने 15 हजार नए प्राथमिक विद्यालय खोले, सभी हाई स्कूलों को एक साथ 10+2 में उत्क्रमित किया और जिन पंचायतों में हाई स्कूल नहीं थे, वहां नए विद्यालय स्थापित किए।

अब नालंदा के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा अपना जिला

मंत्री ने कहा कि चंडी में इंजीनियरिंग कॉलेज, सामा में पॉलिटेक्निक, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम संस्थान, आईटीआई और अनुमंडलों में डिग्री कॉलेजों की स्थापना से जिले में उच्च शिक्षा का दायरा बढ़ा है। अब स्थानीय युवाओं के लिए अपने जिले में ही बेहतर शिक्षा हासिल करने के रास्ते खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में ऐतिहासिक धरोहरों को संवारने के साथ-साथ सुदूर गांवों में बन रहे दो मंजिला विद्यालय और अस्पताल भी विकास की बदलती तस्वीर पेश कर रहे हैं। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे तथा नालंदा के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन और बिहार राज्य गीत के गायन के साथ समारोह का समापन हुआ।


दो माह से खराब पड़ा अलीनगर मिनी पोस्ट ऑफिस का इंटरनेट सिस्टम, ग्राहकों की बढ़ी परेशानी

जरूरत के समय अपना ही जमा पैसा निकालने के लिए लोगों को करना पड़ रहा है अगले दिन का इंतजार



आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। मुख्यालय स्थित प्रधान डाकघर से महज चार किलोमीटर की दूरी पर अलीनगर में वर्ष 1977 से संचालित मिनी पोस्ट ऑफिस इन दिनों अव्यवस्था का शिकार है। यहां पिछले करीब दो माह से इंटरनेट मशीन खराब रहने के कारण ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को अपनी ही जमा पूंजी निकालने के लिए अगले दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। अलीनगर मिनी पोस्ट ऑफिस में अलीनगर, झींगनगर, दरगाहपर, बड़ी दरगाह, मीरगंज समेत आसपास के कई मोहल्लों के लोगों के खाते संचालित हैं। स्थानीय लोग अपनी जरूरत के अनुसार यहां पैसे जमा करने और निकासी करने पहुंचते हैं। लेकिन इंटरनेट मशीन खराब रहने के कारण डाकघर में नियमित रूप से जमा-निकासी का काम प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों का आरोप है कि जब वे पैसे निकालने पहुंचते हैं तो वहां मौजूद कर्मचारी उनसे पासबुक और निकासी फॉर्म लेकर रख लेते हैं तथा अगले दिन आकर पैसे ले जाने को कहते हैं। इससे खासकर उन लोगों को अधिक परेशानी होती है, जिन्हें तत्काल पैसों की जरूरत होती है। इस संबंध में ग्राहक अनिल प्रसाद, दिनेश कुमार, बिट्टू कुमार, महेश कुमार, सोनू समेत कई लोगों ने बताया कि वे पोस्ट ऑफिस में अपनी मेहनत की कमाई इसलिए जमा करते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर आसानी से पैसे निकाल सकें। लेकिन पिछले दो माह से मशीन खराब रहने के कारण उन्हें अपने ही पैसे के लिए दूसरे दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। ग्राहकों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द मशीन ठीक कराने की मांग की है। वहीं, पोस्ट ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। पहले इंटरनेट मशीन ठीक रहने पर जमा और निकासी का काम सामान्य रूप से होता था, लेकिन पिछले दो माह से मशीन खराब होने के कारण परेशानी उत्पन्न हो रही है। इस समस्या की सूचना बिहारशरीफ प्रधान डाकघर को दे दी गई है। इधर, बिहारशरीफ प्रधान डाकघर के पदाधिकारी ने दूरभाष पर बताया कि अलीनगर पोस्ट ऑफिस की इंटरनेट मशीन खराब होने की सूचना मिली है। नया महीना शुरू होते ही वहां नई मशीन लगा दी जाएगी। फिलहाल ग्राहकों को हो रही परेशानी को जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।



छठ व्रतियों को नहीं होगी कोई असुविधा, बड़गांव धाम में रहेंगी व्यापक सुविधाएं

मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया ऐतिहासिक बड़गांव धाम का निरीक्षण

पांच हजार श्रद्धालुओं की क्षमता वाले दो जर्मन हैंगर पंडाल का निर्देश



आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक बड़गांव धाम का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की आत्मा है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और परंपरा से जुड़ा महापर्व है। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में इसे बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में व्रती चार दिनों तक पूरे नियम और पवित्रता के साथ भगवान सूर्य और छठी मईया की आराधना करते हैं। इसकी सबसे खास विशेषता 36 घंटे का निर्जला व्रत है। मान्यता है कि सच्चे मन से छठी मईया और सूर्यदेव की पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है तथा संतान की खुशहाली का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि बड़गांव धाम का छठ घाट ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है, जहां लाखों श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था समय से पहले दुरुस्त कर ली जाए। तालाब एवं घाट के आसपास कहीं भी गंदगी नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ स्थानीय लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छठ महापर्व को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। छठ व्रती माताओं, बहनों और भाइयों के ठहरने की व्यवस्था के लिए पांच हजार लोगों की क्षमता वाले दो जर्मन हैंगर पंडाल तथा बांस से निर्मित चार अन्य पंडाल बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा 16 चलंत शौचालय, 45 स्थायी शौचालय, 10 कपड़ा बदलने के कमरे, शुद्ध पेयजल, आसपास के पूरे क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। मंत्री ने छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए सुगम यातायात व्यवस्था बनाने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लगातार आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की पूरी तैयारी रखने और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम तैनात करने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि छठ महापर्व सबसे महान पर्वों में से एक है। राज्य सरकार छठ व्रती माताओं, बहनों और भाइयों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नवीन जैन के महावीर भजनों पर झूमे श्रद्धालु, देवी के छठ गीतों ने बांधा समां

'जोड़े-जोड़े नारियल तोरे चढ़ाइब ओ छठी मैया' की गूंज पर झूम उठा महोत्सव परिसर

आइडियासिटी संवाददाता



गिरियक (नालंदा)। भगवान महावीर की निर्वाण भूमि पावापुरी में आयोजित महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या भक्ति और लोक संगीत के नाम रही। मंच पर जब प्रसिद्ध जैन भजन गायक नवीन जैन पंड्या ने महावीर की महिमा का गुणगान शुरू किया तो पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। वहीं भोजपुरी की प्रसिद्ध लोक गायिका देवी ने छठी मैया के पारंपरिक गीतों से ऐसी मिठास घोली कि श्रोता तालियों की थाप पर झूमने लगे। कार्यक्रम की शुरुआत नवीन जैन पंड्या की भक्तिमय प्रस्तुति से हुई। 'निर्वाण उत्सव का लाडू चढ़ाओ रे' और 'इस महान के चरणों में मस्तक झुकाओ रे' जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं 'धन्य हैं पावापुरी, धन्य हुई सृष्टि, धन्य हुआ संसार' और 'पावापुरी आओ रे' के जरिए उन्होंने तीर्थनगरी की आध्यात्मिक महिमा का गुणगान किया। उनके भजनों में भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, त्याग और करुणा का संदेश भी गूंजता रहा। इसके बाद भोजपुरी लोक गायिका देवी के मंच पर पहुंचते ही तालियों से स्वागत हुआ। उन्होंने 'जोड़े-जोड़े नारियल तोरे चढ़ाइब ओ छठी मैया' और 'केरवा के पात पर उगे ला सूरज देव' जैसे लोकप्रिय छठ गीतों से महोत्सव को छठमय बना दिया। दर्शकों की फरमाइश पर भी उन्होंने गीत सुनाए। इसके साथ ही युवाओं के प्रेम और नशे के बढ़ते प्रभाव जैसे सामाजिक विषयों को भी गीतों के माध्यम से उठाया। कुल मिलाकर महोत्सव की यह सांस्कृतिक संध्या जैन भक्ति, छठ की आस्था और भोजपुरी लोक संस्कृति के यादगार संगम के रूप में श्रोताओं के दिलों में बस गई।

अनियंत्रित बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी, इलाज के दौरान एक की मौत

दूसरे घायल को भी बेहतर इलाज के लिए पटना किया गया रेफर

आइडियासिटी संवाददाता

इस्लामपुर। इस्लामपुर-खुदागंज-राजगीर मुख्य सड़क मार्ग पर पनहर गांव के पास एक अनियंत्रित बाइक चालक ने दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खुदागंज बाजार निवासी नागेंद्र प्रसाद के पुत्र सुमित कुमार के रूप में की गई है। वहीं, दूसरे घायल की पहचान इस्लामपुर प्रखंड के धनी बिगहा गांव निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि सुमित कुमार अपनी बाइक से घर से निकला था।

उसने परिजनों को किसी काम से जाने की बात कही थी। इसी दौरान रास्ते में पनहर गांव के पास उसकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। वहीं, खुदागंज थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डीएम से गुहार के दो महीने बाद भी वार्ड 10 के लोग बूंद-बूंद पानी को मोहताज

तीन साल से अधूरी पड़ी पानी टंकी ने खोली नल-जल योजना की पोल

आइडियासिटी संवाददाता

नालंदा। सरकारी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सुविधा देना है, लेकिन जब शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान न हो तो ग्रामीण आखिर किससे उम्मीद करें ? नालंदा जिले की अस्थावां प्रखंड के कोनंद पंचायत के मकसूदपुर गांव के वार्ड नंबर 10 में अधूरी पड़ी पानी टंकी का मामला प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीण मौसम कुमार ने 23 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर इस समस्या से अवगत कराया था। आवेदन में बताया गया था कि पंचायत के कुल 16 वार्डों में 15 वार्डों में पानी टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन वार्ड नंबर 10 में पिछले करीब तीन वर्षों से काम अधूरा पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीण ने जिलाधिकारी से पांच दिनों के अंदर निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की थी, लेकिन आवेदन दिए करीब दो महीने बीत जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीण का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस पहल नहीं हुई। अब सवाल यह है कि जब जिलाधिकारी से गुहार लगाने के दो महीने बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, तो आखिर वार्ड नंबर 10 के लोगों को नल से जल मिलने का इंतजार कब खत्म होगा?


हिरण्य पर्वत पर विराजेंगे भगवान श्रीराम

आइडियासिटी संवाददाता



बिहारशरीफ। नालंदा की ऐतिहासिक धरती पर स्थित हिरण्य पर्वत की तस्वीर आने वाले दिनों में बदल सकती है। यहां भगवान श्रीराम की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की योजना को आगे बढ़ाते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सोमवार, 09 नवंबर को स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिमा स्थापना के लिए जगह चिह्नित कर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। गौरतलब है कि वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए उन्होंने 04 मई 2025 को ही इस योजना की आधारशिला रखी थी। निरीक्षण के दौरान हिरण्येश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। नालंदा के डीएफओ राजकुमार एम. सहित अधिकारियों के साथ जिम, पेयजल टैंक, सुलभ शौचालय और यात्री विश्राम गृह जैसी सुविधाएं विकसित करने पर चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि प्राकृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखते हुए हिरण्य पर्वत को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आकर्षक पर्यटन स्थल बनाना लक्ष्य है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने गली-नाली और नल-जल की समस्याएं भी उठाईं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन विधायक ने दिया।

अब देखना होगा कि भगवान श्रीराम की विशाल प्रतिमा और विकास की ये योजनाएं हिरण्य पर्वत को नालंदा के पर्यटन मानचित्र पर कितनी नई पहचान दिला पाती हैं।





छठ घाटों की तैयारी का नगर आयुक्त ने लिया जायजा, दो दिनों में पूरा होगा सफाई कार्य

आशानगर देवी स्थान और कोसुक छठ घाट का किया निरीक्षण

स्वच्छ पानी, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

आइडियासिटी संवाददाता



बिहारशरीफ। लोक आस्था के महापर्व छठ के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर सोमवार को नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन ने बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के आशानगर देवी स्थान एवं कोसुक छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने घाटों पर साफ-सफाई, स्वच्छ जल की उपलब्धता, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने आशानगर देवी स्थान छठ घाट पर अगले दो दिनों के भीतर साफ-सफाई का कार्य पूरा कर स्वच्छ पानी भरवाने का निर्देश दिया। वहीं, कोसुक स्थित नवनिर्मित छठ घाट पर सफाई कार्य शीघ्र पूरा करने के साथ पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं घाटों की बेहतर निगरानी के लिए आवश्यक स्थानों पर निगरानी मीनार (वॉचटावर) का निर्माण कराने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त शम्स रजा, नगर प्रबंधक साकेश कुमार एवं त्रिपुरारी शरण संजय तथा सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं विनय कुमार उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ का आयोजन स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए बिहारशरीफ नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएंगी।

राजगीर में गूंजेंगे राधे-कृष्ण के जयकारे

गोपाल अष्टमी महोत्सव की 50% तैयारी पूरी, भजन-कीर्तन के साथ होगा विशाल भंडारा

आइडियासिटी संवाददाता



राजगीर (नालंदा)। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, भजन-कीर्तन की गूंज और विशाल भंडारे के साथ राजगीर में गोपाल अष्टमी महोत्सव 2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। गोवर्धन पूजा के अवसर पर 09 नवंबर, सोमवार को ऐतिहासिक राजगीर में इस महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। जापानी मंदिर के निकट गायघाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे से धार्मिक कार्यक्रम शुरू होंगे। कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन, अतिथियों का संबोधन और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर गोलू यादव, प्रदेश सचिव (युवा), राष्ट्रीय जनता दल ने बताया कि अब तक करीब 50 प्रतिशत तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राजगीर की भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं और पहचान को देखते हुए वर्ष 2023 से गोवर्धन पूजा के अवसर पर इस महोत्सव की शुरुआत की गई थी। इस बार इसे और भव्य बनाने की तैयारी है। आयोजन से जुड़े राजू यादव, पूर्व विधान पार्षद, महेंद्र यादव, पप्पू यादव, नितिराज कुमार, अशोक यादव, मो. एहतेशाम मलिक, सूरज यादव, अनुपम कुमार, अजय यादव और श्रवण कुमार सहित अन्य लोगों ने श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है। महोत्सव का उद्देश्य सिर्फ धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि राजगीर की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान दिलाना और श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना भी है।

निर्वाण महोत्सव में परंपराओं का दिखा अनूठा संगम, रथों पर सवार होकर निकले भगवान महावीर

श्वेतांबर समाज ने जल मंदिर में की आराधना, दिगंबर श्रद्धालुओं ने पांडुक शिला पहुंचकर चढ़ाया शीश




आइडियासिटी संवाददाता

गिरियक। आस्था की डोर से जुड़े श्रद्धालु, भक्ति के रंग में रंगी निर्वाण नगरी और भगवान महावीर के जयकारों से गूंजती गलियां। 2552वें निर्वाण महोत्सव पर सोमवार को पावापुरी में जैन धर्म की सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं की भव्य झलक देखने को मिली। अलग-अलग मंदिरों से निकली रथ यात्राओं ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। श्वेतांबर जैन मंदिर में सुबह से ही विशेष धार्मिक तैयारियां शुरू हो गई थीं। भगवान महावीर स्वामी को आकर्षक चांदी के रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए रथ के साथ जल मंदिर पहुंचे। वहां भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने जल मंदिर में मत्था टेककर सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। अनुष्ठान के बाद रथ यात्रा वापस श्वेतांबर मंदिर पहुंची। मंदिर के सचिव शांतिलाल बोथरा ने बताया कि निर्वाण महोत्सव पर आयोजित रथ यात्रा जैन समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। दिगंबर जैन मंदिर से अहले सुबह निकली रथ यात्रा पांडुक शिला पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान महावीर के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

आराधना के बाद यात्रा वापस मंदिर लौटी। इससे पहले रविवार को समवशरण मंदिर की रथ यात्रा नया मंदिर होते हुए निकाली गई थी। तीनों मंदिरों की अलग-अलग धार्मिक परंपराओं ने निर्वाण महोत्सव को विशेष स्वरूप दिया। मंदिरों में पूजा-अर्चना और सड़कों पर गूंजते जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह, सत्य और करुणा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।





दवा लाने निकले पुजारी की संदिग्ध मौत, मटुक बिगहा में पेड़ से लटका मिला शव

आइडियासिटी संवाददाता

हिसुआ (नवादा)। जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के मटुक बिगहा गांव में सोमवार को पेड़ से लटका एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी। इसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना हिसुआ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने युवक की तस्वीर जारी की, जिसके आधार पर उसकी पहचान रूपौ गांव निवासी संजय पांडेय (40) के रूप में हुई। वह चंद्रिका पांडेय के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि वह धमौल से दवा लाने के लिए नवादा आए हुए थे।परिजनों के अनुसार, संजय पांडेय पेशे से पुजारी थे और अपनी नानी के घर आए हुए थे। उनका शव नानी के घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक सुनसान जगह पर पेड़ से लटका मिला।

एफएसएल टीम ने घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, नवादा भेज दिया गया।

हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में हिसुआ थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि परिवार के लोगों ने फिलहाल किसी पर संदेह जाहिर नहीं किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

दुर्गा पूजा मेला घूमने आई नाबालिग प्रेमी के साथ हुई थी फरार, 15 दिनों में बरामद

आरोपी युवक गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर नाबालिग माता-पिता को सौंपी गई

आइडियासिटी संवाददाता



कतरीसराय। कतरीसराय थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा का मेला घूमने आई शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पांची गांव निवासी एक नाबालिग लड़की अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। इस मामले में नाबालिग के पिता ने कतरीसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 15 दिनों के भीतर नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को सौंपी गई थी। तकनीकी एवं मानवीय जांच के आधार पर आरोपी युवक की पहचान नवादा जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव निवासी दिलीप तांती के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और नाबालिग लड़की को भी सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर नाबालिग लड़की को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया, जबकि आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

छठ से पहले बिहारशरीफ को मिलेगा इंद्रधनुषी सौगात

14 नवंबर को विधायक डॉ. सुनील कुमार करेंगे फुट ओवरब्रिज का उद्घाटन



आइडियासिटी आशीष कुमार

बिहारशरीफ। छठ महापर्व की आस्था, पंचाने नदी का किनारा और उसके ऊपर सतरंगी इंद्रधनुषी पुल... बिहारशरीफ की खूबसूरती में अब एक नया आकर्षण जुड़ने जा रहा है। आशानगर स्थित सूर्य मंदिर के पास पंचाने नदी पर बनकर तैयार जिले के पहले इंद्रधनुषी फुट ओवरब्रिज के उद्घाटन की तारीख तय हो गई है। बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार के अनुसार, 14 नवंबर को इस पुल का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। खास बात यह है कि छठ महापर्व से ठीक पहले मिलने वाली यह सुविधा सूर्य मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। करीब 1.78 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस फुटब्रिज का निर्माण मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत बिहार अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (बुडको) के माध्यम से कराया गया है। इसकी खासियत सिर्फ इसका इंद्रधनुषी रंग और आकर्षक डिजाइन नहीं, बल्कि पंचाने नदी के दोनों किनारों के बीच पैदल आवागमन को आसान बनाना भी है।

श्रद्धालुओं को नहीं लगाना पड़ेगा लंबा चक्कर

विधायक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सोहसराय स्थित सूर्य मंदिर पंचाने नदी के तट पर है। छठ महापर्व के दौरान यहां विशाल मेला लगता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। अब तक नदी के दोनों हिस्सों के बीच आवागमन के लिए लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। लेकिन इस फुटब्रिज के शुरू होने से नदी के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के बीच सीधा पैदल संपर्क स्थापित हो जाएगा। इससे आशानगर और बसारबिगहा सहित आसपास के इलाकों के लोगों को भी सहूलियत मिलेगी। खासकर छठ के दौरान व्रतियों, महिलाओं, बुजुर्गों और श्रद्धालुओं के लिए यह पुल उपयोगी साबित होगा।

वाहनों की नो एंट्री, सुरक्षा के लिए 8 फीट ऊंची जाली

विधायक ने पुल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पुल पर किसी भी तरह के वाहनों का परिचालन नहीं होगा। यह पूरी तरह पैदल यात्रियों के लिए ही बनाया गया है। इसके लिए स्थायी बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर पुल के दोनों ओर करीब 8 फीट ऊंची जालीनुमा स्टील बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। इसका उद्देश्य दुर्घटनाओं और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को रोकना है। खास बात यह है कि जालीदार डिजाइन होने के कारण लोग पुल से गुजरते समय नदी और आसपास के प्राकृतिक नजारों का आनंद भी ले सकेंगे।

सिर्फ पुल नहीं, पंचाने नदी के कायाकल्प की भी तैयारी

इस परियोजना के साथ विधायक ने पंचाने नदी के विकास को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि नदी के दोनों किनारों से गाद (सिल्ट) हटाने और देवीसराय से लेकर बरबीघा तक रिवर फ्रंट विकसित करने का प्रस्ताव सरकार ने स्वीकार कर लिया है। फिलहाल इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए सर्वे और एस्टीमेट तैयार करने का काम जारी है। इस योजना के धरातल पर उतरने से पंचाने नदी के किनारे के इलाकों को नया स्वरूप मिलने की उम्मीद है। नदी की सफाई, किनारों के विकास और सौंदर्यीकरण के जरिए इसे शहर के एक नए आकर्षण के रूप में विकसित करने की दिशा में काम आगे बढ़ सकता है।

शहर को मिलेगा नया लैंडमार्क

दरअसल, इंद्रधनुषी फुटब्रिज की परिकल्पना से लेकर इसके निर्माण तक की प्रक्रिया काफी समय से चल रही थी। दिसंबर 2024 में इसके डिजाइन और स्थल निरीक्षण को लेकर चर्चा हुई थी। सितंबर 2025 में इसका शिलान्यास किया गया और अब करीब 1.78 करोड़ रुपये की लागत से यह बनकर तैयार है। अब 14 नवंबर 2026 को उद्घाटन के साथ यह पुल आम लोगों के लिए खोलने की तैयारी है। एक तरफ छठ व्रतियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी,
तो दूसरी तरफ बिहारशरीफ को एक ऐसा नया आकर्षण मिलेगा, जिसकी रंगीन छटा पंचाने नदी के किनारे शहर की अलग पहचान बना सकती है।

"Learning the practical value of knowledge"
NALANDA VIDYA MANDIR
(A Unit of Magadh Educational Society)
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
N.H.-20, Patasang, P.O.: Amba, P.S.- Bhaganbigha, Dist.: Nalanda, State: Bihar-803119
Mob.: 9570230951, 9570230966, 9835630966
Email: nalandavidyamandir@yahoo.in | Website: www.nvm.edu.in
Come enroll with us and get plugged into the world...!!!
Class Nur. to 10+2
- We develop whats already inside you.
- Co-Education. Wi-Fi Campus.
- Ultra Modern and anti Earthquake Building.
- Transport facility.
- Experienced team of teachers.
- Cashless Fee Deposit facility.
- Multimedia Classroom and Library.
- Advance Science & Computer Lab.
- Medical Facility.
- Spacious Playground for Games & Sports.
- Preparation of competitive Exam from Class-IX.
ADMISSION OPEN 2026

गुरुकुल विद्यापीठ
10+2
गुरूकुल सेवायतन न्यास द्वारा संचालित
राजेन्द्र प्रसाद
प्रधानाध्यापक
पटेल उ.वि. बिहारशरीफ
सहायक शिक्षक
आदर्श उ.वि. बिहारशरीफ
आवासीय सुविधा से युक्त अत्याधुनिक छात्रावास
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत छात्राओं को विशेष छूट
- पटेल नगर, नईसराय, बिहारशरीफ (नालन्दा) मोबाइल - 9835473199
- जगदेव नगर, गाजीपुर, बिन्द (नालन्दा) मोबाइल - 7479559755
www.gurukulvidyapeeth.co | email: gurukulvidyapeethschool@gmail.com

युवा शक्ति : प्रशासनिक पहल का इंतजार किए बिना युवाओं ने संभाली घाट की कमान

श्रमदान और आपसी सहयोग से बरीठ छठ घाट की कर रहे साफ-सफाई और सजावट



आइडियासिटी संवाददाता

कतरीसराय। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। इसी बीच मैराबरीठ पंचायत के बरीठ गांव के युवाओं ने सामाजिक एकजुटता और सामूहिक जिम्मेदारी की अनूठी मिसाल पेश की है। छठ पूजा को देखते हुए घाट की साफ-सफाई के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल नहीं होने के बाद गांव के युवाओं ने स्वयं आगे आकर इसकी जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया। युवाओं ने श्रमदान और आपसी सहयोग से चंदा एकत्रित कर बरीठ छठ घाट की साफ-सफाई एवं सजावट का बीड़ा उठाया है। सभी युवा एकजुट होकर घाट की सफाई, आसपास की गंदगी हटाने और छठ व्रतियों की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियों में जुटे हुए हैं। युवाओं की इस पहल से गांव में सामाजिक एकता और सहयोग की भावना देखने को मिल रही है। बिना किसी सरकारी सहायता का इंतजार किए अपने गांव के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में युवाओं का योगदान ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। युवाओं की यह पहल 'अपना हाथ जगन्नाथ' की लोक कहावत को चरितार्थ कर रही है। उनका प्रयास न केवल छठ पूजा की तैयारियों को गति दे रहा है, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे रहा है कि सामूहिक इच्छाशक्ति और आपसी सहयोग से किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। बरीठ गांव के ग्रामीणों ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक एकजुटता और युवा शक्ति का प्रेरणादायक उदाहरण बताया है।

जादू-टोने के अंधविश्वास में युवक की हत्या, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

आइडियासिटी संवाददाता

सरमेरा : थाना क्षेत्र के परनावां गांव में जादू-टोना करने के अंधविश्वास में एक युवक की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित जवाहर मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लाठी और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। सदर डीएसपी-वन अमरनाथ ने बताया कि आरोपित की भाभी के प्रसव के बाद हर बार बच्चों की मौत हो जाती थी। इसको लेकर आरोपित के मन में अंधविश्वास बैठ गया था कि मृतक के परिवार के लोग जादू-टोना करते हैं, जिसके कारण बच्चों की मौत हो रही है। इसी शक में वह मृतक से रंजिश रखने लगा था।

डीएसपी के अनुसार, शनिवार की रात आरोपित कहीं जा रहा था। इसी दौरान मृतक समटु मांझी ने उससे पूछ लिया कि वह कहां जा रहा है। इस सवाल पर आरोपित गुस्से में आ गया और लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल समटु मांझी को परिजन इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपित को शक था कि मृतक के परिवार के लोग जादू-टोना कर उसकी भाभी के बच्चों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी अंधविश्वास के कारण उसके मन में मृतक के परिवार के प्रति नाराजगी थी। शनिवार की रात मामूली पूछताछ के बाद विवाद बढ़ गया और उसने समटु मांझी पर हमला कर दिया। पुलिस इस घटना को अंधविश्वास से जुड़ा मामला मानकर जांच कर रही है। सदर डीएसपी-वन अमरनाथ ने बताया कि रविवार की सुबह सरमेरा



थानाध्यक्ष को मारपीट में युवक के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली थी। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी के फर्दबयान के आधार पर सरमेरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर थानाध्यक्ष साकेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर मुख्य आरोपित जवाहर मांझी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लाठी और रेडमी कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया गया। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष साकेन्द्र कुमार, दारोगा काजल कुमारी, जिला आसूचना इकाई के सिपाही अभिमन्यु कुमार तथा सरमेरा थाना के सिपाही योगेश कुमार और निशु कुमारी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

कॉल फॉरवर्डिंग से व्हाट्सएप हैक कर करते थे ठगी, दो गिरफ्तार

आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ । कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए लोगों का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर ठगी करने वाले गिरोह का साइबर पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने अस्थावां थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान फिरोजपुर गांव निवासी 30 वर्षीय कमलेश कुमार और 22 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में हुई है। साइबर डीएसपी ऋषभ आनंद ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल से संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इस गिरोह की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। तकनीकी जांच के आधार पर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए हासिल करते थे व्हाट्सएप का नियंत्रण

पुलिस के अनुसार, आरोपित ठगी के लिए कॉल फॉरवर्डिंग तकनीक का दुरुपयोग करते थे। इसके जरिए वे पीड़ित के मोबाइल पर आने वाली कॉल को दूसरे नंबर पर डायवर्ट कर देते थे। इसके बाद व्हाट्सएप अकाउंट का नियंत्रण हासिल करने की कोशिश करते थे। अकाउंट पर कब्जा होने के बाद वे पीड़ित के संपर्कों और परिचितों को निशाना बनाते थे।

परिचित बनकर मांगते थे आर्थिक मदद

व्हाट्सएप अकाउंट का इस्तेमाल कर आरोपित पीड़ित के दोस्तों और रिश्तेदारों को संदेश भेजते थे। खुद को परिचित बताकर किसी आपात स्थिति का हवाला देते हुए तत्काल रुपये की मांग करते थे। झांसे में आए लोग उनके बताए बैंक खातों या डिजिटल वॉलेट में पैसे भेज देते थे। इस तरह आरोपित लोगों की पहचान और भरोसे का फायदा उठाकर ठगी करते थे। इस मामले में छह नवंबर को नालंदा साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

विशेष टीम ने छापेमारी कर दबोचा

मामले के खुलासे के लिए इंस्पेक्टर कुमारी उषा सिन्हा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में दारोगा अबू तालीब अंसारी, विवेक कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर टीम ने फिरोजपुर गांव में छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार टचस्क्रीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पत्नी से वीडियो कॉल पर बात के दौरान युवक की मौत, मोबाइल में मिला वीडियो

आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ : नालंदा थाना क्षेत्र के रंगीला बिगहा गांव में शनिवार की देर शाम 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना से पहले उसकी पत्नी से वीडियो कॉल पर बातचीत हो रही थी। पुलिस को युवक के मोबाइल से घटना से पहले बनाया गया एक वीडियो भी मिला है। परिजनों के अनुसार, युवक अपनी पत्नी को दीपावली और छठ पर्व पर घर बुलाना चाहता था, लेकिन पत्नी ने दो महीने बाद ससुराल आने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मृतक की पहचान रंगीला बिगहा गांव निवासी राजेंद्र यादव के पुत्र विक्रम कुमार के रूप में हुई है। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब दो साल पहले उसकी शादी नवादा जिले के रजौली निवासी प्रीति कुमारी से हुई थी। दोनों का एक साल का बच्चा भी है। मृतक के भाई विकास कुमार ने बताया कि प्रीति करीब 15 दिन पहले अपने मायके रजौली गई थी। विक्रम उसे दीपावली और छठ पर्व को लेकर लगातार घर लौटने के लिए कह रहा था। हालांकि, पत्नी ने दो महीने बाद ससुराल आने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच फोन पर अक्सर कहासुनी होती थी।

विकास के अनुसार, घटना से कुछ देर पहले तक विक्रम सामान्य था और परिवार के लोगों से बातचीत कर रहा था। इसके बाद घर के सदस्य बाहर चले गए। इसी दौरान विक्रम कमरे में चला गया और पत्नी से वीडियो कॉल पर बात करने लगा। परिजनों के अनुसार, वीडियो कॉल के दौरान पत्नी को अनहोनी की आशंका हुई। उसने गांव के कुछ लोगों को फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन विक्रम के कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा बंद होने पर उसे तोड़कर अंदर पहुंचे और विक्रम को नीचे उतारा। इसके बाद उसे गंभीर हालत में पावापुरी स्थित वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद की बात सामने आई है। युवक की पत्नी मायके में थी और दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त किया है। उसमें घटना से पहले बनाया गया वीडियो भी मिला है।

त्योहारों से पहले बेगूसराय में होटल-रेस्टोरेंट में खाद्य सामग्री की जांच, 12 प्रतिष्ठानों के सैंपल पटना भेजे गए

आइडियासिटी संवाददाता



बेगूसराय : आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए आम लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग और मिलावट की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर जिले के विभिन्न अनुमंडलों में होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। जांच अभियान के दौरान खाद्य निरीक्षक डॉ. संजय चौधरी ने विभिन्न होटलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान कुल 12 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को गुणवत्ता की जांच के लिए पटना स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। अब प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट पर प्रशासन की अगली कार्रवाई निर्भर करेगी। खाद्य निरीक्षक डॉ. संजय चौधरी ने बताया कि जांच अभियान के तहत बेगूसराय के दो, बलिया के पांच तथा बरौनी के तीन खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार में आम लोगों को मिलने वाले खाद्य पदार्थ निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी प्रतिष्ठान में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो संबंधित संचालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पर्व-त्योहारों के दौरान मिठाई, नमकीन, खाद्य तेल, मसाले एवं अन्य खाद्य पदार्थों की मांग काफी बढ़ जाती है। अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से कुछ कारोबारियों द्वारा खाद्य गुणवत्ता से समझौता किए जाने की आशंका रहती है। ऐसे में प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बढ़ा दी है, ताकि आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

किसानों के साथ धोखाधड़ी का बड़ा खेल बेनकाब, साहेबपुर कमाल में छापेमारी, 700 बोरा अवैध उर्वरक जब्त

डीएपी-पोटाश के अवैध निर्माण और भंडारण का खुलासा, 500 बोरा जिंक, 300 खाली बोरे समेत पैकेजिंग सामग्री बरामद

आइडियासिटी संवाददाता

बेगूसराय : जिले में नकली और अवैध उर्वरक के कारोबार के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। साहेबपुर कमाल प्रखंड में बेगूसराय-खगड़िया सीमा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के पास हिराटोल और रघुनाथपुर करारी इलाके में सुबह-सुबह छापेमारी कर अवैध उर्वरक के कारोबार का खुलासा किया गया। इस कार्रवाई में करीब 700 बोरा अवैध उर्वरक, 500 बोरा जिंक और 300 खाली बोरे समेत भारी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई है। दरअसल, कृषि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त इलाके में अवैध तरीके से डीएपी, पोटाश और अन्य उर्वरकों का निर्माण एवं भंडारण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में अनुमंडल कृषि



पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों की टीम पुलिस बल एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ मौके पर पहुंची। जांच के दौरान संबंधित परिसर में ताला बंद मिला। इसके बाद विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए ताला खुलवाया गया और परिसर की सघन तलाशी ली गई। छापेमारी के दौरान वहां बड़ी मात्रा में संदिग्ध उर्वरक और उनके निर्माण एवं पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान करीब 700 बोरा अवैध उर्वरक, पांच किलोग्राम के 500 बोरा जिंक, 300 खाली बोरे तथा उर्वरक की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले रंग सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। बरामद उर्वरकों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट से ही उर्वरकों की गुणवत्ता और उनकी वास्तविक प्रकृति का खुलासा हो सकेगा। इस मामले में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। कृषि विभाग अब इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान और पूरे नेटवर्क की जांच में जुटा है। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने छापेमारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बलिया बिपिन कुमार और साहेबपुर कमाल की पूरी कृषि टीम के कार्यों की सराहना की। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। नकली और अवैध उर्वरक के कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिले में छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।